आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में चार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से स्थाननांतरण किया। अब सिद्ध नाथ गुप्ता नए पुलिस महानिदेशक होंगे।
- राज्यसभा में नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडु ने बताया पश्चिम एशिया संकट के दौरान दो लाख उन्नीस हजार भारतीयों की सुरक्षिरत वापसी सुनिश्चित की गई।
- संसद बिष्णु पद रे ने श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के चार वार्डों में सड़क सुधार, पुनर्निर्माण पट्टिका का शिलान्यास कर यातयात सुगमता सुनिश्चित की।
- राजधानी श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए एम वी सिंधु अट्ठारह मार्च को रवाना होगा।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में चार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया है। आयोग ने राज्य के पुलिस महानिदेशक, सुधार सेवा मामलों के महानिदेशक, कानून व्यवस्था के अपर महानिदेशक तथा कोलकाता पुलिस आयुक्त के तबादले का आदेश दिया है। आयोग ने उन्नीस सौ बानबे बैच के आई पी एस अधिकारी सिद्ध नाथ गुप्ता को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। उन्नीस सौ छियानबे बैच के आई पी एस अधिकारी अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। उन्नीस सौ इक्यानबे बैच के आई पी एस अधिकारी एन. रमेश बाबू को सुधार सेवा मामलों के महानिदेशक और उन्नीस सौ पिचानबे बैच के आई पी एस अधिकारी अजय मुकुंद रानाडे को कानून व्यवस्था के अपर महानिदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है।

<><><><><><><>

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच दो लाख उन्नीस हजार से अधिक लोग भारत आये हैं। राज्यसभा में पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री नायडू ने कहा कि उड़ानों का सुरक्षित संचालन सर्वोच्च प्राथमिकता है और जब–जब हवाई क्षेत्र उपलब्ध हुआ तब–तब उड़ानें संचालित की गईं। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण भारतीय विमानन कंपनियों ने चार हजार 300 से अधिक उड़ानें और विदेशी विमानन कंपनियों ने ग्यारह हजार से अधिक उड़ानें रद्द कीं।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन, आवास एवं संपदा अनुभाग ने सत्र 2025–26 के लिए सामान्य पूल के अंतर्गत सरकारी आवासों का आवंटन करने हेतु वरिष्ठता सूची (प्रकार और श्रेणीवार) जारी की है। यह सूची अब ए ए सी ए पोर्टल के होमपेज पर देखी जा सकती है। सूची तैयार करते समय बाहरी क्षेत्रों से स्थानांतरित या नई नियुक्ति पर आए कर्मचारियों द्वारा नियम 8 के तहत ऑनलाइन आवेदन सत्यापित किए गए। कर्मचारी अपने वरिष्ठता संबंधी कोई भी दावा या आपत्ति प्रेस नोट के प्रकाशन के 5 दिनों के भीतर सहायक सचिव (स्वास्थ्य एवं विद्युत), सचिवालय को भेज सकते हैं। समय पर कोई दावा न आने पर यह सूची अंतिम मानी जाएगी और आवास आवंटन के लिए इसका उपयोग किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने कल नगरपालिका क्षेत्र के चार स्थानों – गराचरमा के वार्ड नं. 18, प्रातरापुर के वार्ड नं. 24, मछीलाइन के वार्ड नं. 10 और नयागांव के वार्ड नं. 12 में अन्य जिला लिंक सड़कों के सुधार, पुनःनिर्माण और विशेष मरम्मत कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में संबंधित वार्ड के पार्षद, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अधिकारी, क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे। ये कार्य केंद्रीय सड़क कोष के तहत किए जा रहे हैं, जिसमें प्रत्येक नगर वार्ड के लिए 1 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह श्री विजयपुरम के नगर क्षेत्रों में सड़क अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर सांसद ने भारत सरकार और केन्द्र शासित प्रदेश प्रशासन का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने द्वीपसमूह के लिए CRF निधि स्वीकृत की।

<><><><><><><>

ऑल इंडिया केरल मुस्लिम सांस्कृतिक केन्द्र ने स्कूल लाइन में इफ्तार मिलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में विभिन्न समुदाय के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानंदजी, चर्च के प्रतिनिधि फादर डियोनिस केरकेट्टा, गुरुद्वारे से गियानी एस. राजिंदर सिंह और हमीद अली निज़ामी उपस्थित रहे। उन्होंने सामाजिक एकता, शांति और विभिन्न समुदाय के बीच सहयोग की भावना पर बल दिया।

<><><><><><><>

एम.वी. सिंधु 18 मार्च को सुबह 8 बजे राजधानी श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए मायाबंदर होते हुए रवाना होगा। जहाज में अतिरिक्त सामान की लोडिंग कल दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक की जाएगी। जहाज पर यात्रियों के सवार होने का समय सुबह 6 बजे से 7 बजे तक रहेगा। देर से आने वाले यात्रियों को जहाज पर चढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

<><><><><><><>

वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा मध्य अंडमान के विवेकानंद केंद्र, बसंतीपुर में 21 मार्च को विराट वनवासी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास, जागरूकता और सांस्कृतिक संरक्षण के उद्देश्य से किया जा रहा है। सम्मेलन में राष्ट्रीय संगठन मंत्री अतुल जोग मुख्य वक्ता होंगे, जबकि परम पूजनीय स्वामी असीमानंद जी महाराज अपने आशीर्वचन प्रदान करेंगे। प्रतिभागियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनजातीय लोक कला का प्रदर्शन भी रखा गया है।

<><><><><><><>

बाल विकास परियोजना अधिकारी, शहरी परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायक के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने के लिए उम्मदीवार की आयु 18 से 35 वर्ष होनी चाहिए, उम्मीदवार का बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होना और संबंधित आंगनवाड़ी केंद्र वाले गांव की स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का मासिक वेतन बारह हजार रुपये और आंगनवाड़ी सहायक का मासिक वेतन आठ हजार रुपये निर्धारित किया गया है। उम्मीदवार अपना आवेदन–पत्र और स्व–सत्यापित दस्तावेज़ दो अप्रैल दोपहर तीन बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी, शहरी परियोजना डॉलीगंज कार्यालय में जमा कर सकते है। योग्य उम्मीदवारों का साक्षात्कार चयन समिति द्वारा आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्यामकुंड वन क्षेत्र में आज अवैध शराब की गतिविधियों को रोकने के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस टीम ने जंगल क्षेत्र में छिपाई गई लगभग डेढ़ सौ लीटर अवैध लहान जब्त की और इससे संबंधित सभी उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। नागरिकों से अनुरोध है कि किसी भी अपराध या अवैध गतिविधि से संबंधित विश्वसनीय जानकारी अपने नजदीकी पुलिस थाना या फोन नंबर 100, 112 एवं 03192–273344 पर साझा करें। सूचनाकार की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उन्हें पुरस्कार भी दिया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह से सात सदस्यों की टीम, राष्ट्रीय पैरालिंपिक एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025–26 में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम के लिए रवाना हो गई है। यह प्रतियोगिता कल से 21 मार्च तक आयोजित की जाएगी। टीम में दो दृष्टिबाधित एथलीट भी शामिल हैं जो द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम में शामिल होने वाले एथिलीटस के नाम है बी. अलबक्का (सामाजिक कल्याण विभाग), एम. भवानी (सर्व शिक्षा अभियान), रोशिनी नारायण (बी.कॉम छात्रा, जेएनआरएम), प्राची टोप्पो, रोहित राम और जगदेव कछुवा। इस अवसर पर अंडमान एवं निकोबार पैरालिंपिक खेल संघ और अंडमान एवं निकोबार राज्य ओलंपिक संघ ने टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

<><><><><><><>

अबरडीन थाना क्षेत्र की पुलिस ने तेरह मार्च को सी शोर रोड स्थित हनुमान मंदिर में चोरी का खुलासा कर दिया है। टीम ने केवल चार घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान चार हजार दो सौ पचास रुपये नकदी बरामद की गई।

<><><><><><><>